विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री साथ में मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (प्रो० एम० जी० के० मेनन) : (क) वर्ष 1989-1990 में हुई बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद् तथा कोर्ट की बैठकों की तारीखें निम्नलिखित हैं :

1989		1990	
कार्यकारी परिषद	कोर्ट	कार्यकारी परिषद	कोर्ट
1 16/17-1-89	15-1-89	1-27-28 फरवरी--	--
2 4/5-3-89		1 मार्च, 1990	
3 6/7-5-89			
4 30/31-7-89			
5 5/6-8-89			
6 17/18-10-89			

(ख) कार्यकारी परिषद ने कोर्ट और कार्यकारी परिषद की बैठकों के लिए समय सूची निर्धारित की है । कोर्ट की एक बैठक और सामान्यतया कार्यकारी परिषद की आठ बैठकें एक वर्ष में होनी होती हैं। विश्वविद्यालय ने सूचित किया है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं कि समय सूची का पालन किया जा रहा है ।

उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के लिए निर्धारित लक्ष्य

946. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए थे ; और

(ख) उत्तर प्रदेश में उन्हें अभी तक कहां तक प्राप्त कर लिया गया है ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री साथ में मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (प्रो० एम० जी० के० मेनन) : (क) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन (रा० सा० मि०) 5 मई, 1988 से आरंभ किया गया था । सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राष्ट्रीय साक्षरता मिशन का निर्धारित लक्ष्य देश में 300 लाख व्यक्तियों को कार्यात्मक दृष्टि से साक्षर करने का था ।

(ख) उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार 31.12.89 तक 20.63 लाख व्यक्तियों को साक्षरता के लिए नामांकित किया गया था जबकि मिशन के शुरू किए जाने की तारीख से निर्धारित लक्ष्य 25.57 लाख व्यक्ति था ।

Sports Complex at Pune

947. SHRI SURESH KALMADI: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether any proposal has been received by Government for a Sports Complex at Pune;

(b) what is the total outlay of the project; and

(c) what amount has been sanctioned by Government?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTER OF STATE IN DEPARTMENT OF EDUCATION IN THE MINISTRY OF